आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 21.01.2025
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए आज शाम थमेगा प्रचार अभियान।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार की गई अवस्थापना सुविधाओं के उपयोग के लिये राज्य में खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने डायलिसिस केंद्रों में बीपीएल और गोल्डन कार्ड धारक मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।
- मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में कल बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई।

<u>निकाय चुनाव</u>

उत्तराखंड में निकाय चुनाव प्रचार का आज अन्तिम दिन है। आज शाम 5 बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। चुनाव प्रचार की समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन और रोड शो नहीं कर सकेंगे। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए प्रदेशभर में सभी तैयारियां पुरी कर ली गई है। मतदान में लगे कार्मिकों को पहले चरण का प्रशिक्षण के बाद कुछ जगहों पर दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो आज पूरा हो जाएगा। इसके बाद कल पोलिंग पार्टियां अपने–अपने पोलिंग बूथों के लिए रवाना होंगे। इधर, देहरादून में कुल चार हजार 704 मतदान कर्मिक और एक हजार 454 मतगणना कार्मिकों की तैनाती की गई है। नगर निगम देहरादून के लिए 7 रिटर्निंग अधिकारियों की तैनाती की गई है । मतगणना के दिन प्रत्येक आरओ के अन्तर्गत 15–15 टेबल, व नगर निगम ऋषिकेश, नगर पालिका परिषद विकासनगर, हरबर्टपुर, नगर पंचायत सेलाकुई, नगर पालिका परिषद मसूरी एवं डोईवाला में 14–14 टेबल लगाई जाएगी।

<u>खेल अवस्थापना विकास</u>

38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार के लिये की गई अवस्थापना सुविधाओं के दीर्घकालिक उपयोग के लिये उत्तराखंड में खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी। विशेष प्रमुख सचिव, खेल, अमित सिन्हा ने बताया कि लेगेसी पॉलिसी का मसौदा तैयार कर लिया गया है, जिसे जल्द ही शासन को भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि है यह कदम उत्तराखंड में खेल विकास को नई दिशा देगा। खेल सुविधाओं की देखभाल और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए ये अकादमियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

राष्ट्रीय खेल तैयारियां

38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी को लेकर खेल मंत्री रेखा आर्या ने संबंधित जिलों के सभी खेल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं को सुरक्षित, संरक्षित और सुचारू रखने के लिए जल्द ही नीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शहरों के साथ ही छोटे कस्बों और गांव में जो स्टेडियम, खेल छात्रावास, साइकिलिंग वैलोडरोम जैसे आधारभूत ढांचों का निर्माण किया जा रहा है वह उत्तराखंड को खेल जगत में स्थापित करने में दीर्घकालिक भूमिका निभाएगा। श्रीमती आर्या ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है और विभिन्न जिलों के आयोजन स्थलों पर निर्माण और सौंदर्यीकरण का जो कार्य चल रहे हैं वह सभी कार्य अगले तीन से चार दिन में पूरे हो जाएंगे।

सडक निर्माण

देहरादून के जौनसार क्षेत्र में हनोल से ठडियार तक डेढ़ किलोमीटर नई सड़क का निर्माण और टोंस नदी के दोनों ओर घाटों का निर्माण किया जाएगा। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने हनोल मास्टर प्लान की समीक्षा के दौरान इन योजनाओं को स्वीकृति दी। उन्होंने बताया कि नई सड़क के निर्माण के अलावा, पुल और संपर्क मार्गों का भी निर्माण होगा। इन परियोजनाओं से हनोल क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

पेंशन भुगतान

देहरादून में राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन का भुगतान अब कोषागार के माध्यम से किया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि इसके लिए सभी पात्र आंदोलनकारियों को आवश्यक दस्तावेज 10 फरवरी 2025 तक संबंधित कार्यालय में जमा कराने होंगे।

आर्दश गांव सारकोट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चमोली जिले के सारकोट को आदर्श गांव बनाने की गई घोषणा के बाद यहां सभी बुनियादी सुविधाएं और सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके लिये विभिन्न विभागों की योजनाओं को संचालित कर गांव को विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में उरेडा ने आदर्श ग्राम सारकोट के सभी प्रमुख स्थानों पर 10 सोलर लाइट लगाई हैं। परियोजना अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि सारकोट गांव के पंचायत चौक, प्राथमिक विद्यालय, प्रमुख आंतरिक मार्गो सहित धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर ये सोलर लाइट स्थापित की गई हैं।

गिरफ्तारी

उत्तराखंड एसटीएफ की साइबर अपराध थाना पुलिस ने डिजिटल हाउस अरेस्ट कर देशभर में लोगों से करोड़ों की साइबर ठगी कर चुके गैंग के सरगना को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ने देहरादून के एक व्यक्ति से सवा दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी में शामिल था। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपी ने पीड़ित को फोन कर खुद को मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। इसके बाद एक गिरफ्तारी वारंट पीड़ित को भेजा। फिर नौ दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर अलग–अलग बैंक खातों में 2 करोड़ 27 लाख रुपये जमा करवा लिए।

निःशुल्क डायलिसिस सेवांए

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य के 13 जिलों में संचालित 19 डायलिसिस केंद्रों में बीपीएल और गोल्डन कार्ड धारक मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने पर्वतीय इलाकों के मरीजों को विशेष लाभ पहुंचाने के लिए निःशुल्क डायलसिस योजना के कुशल संचालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम के तहत सभी मरीजों का विवरण पीएमएनडीपी पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो। गौरतलब है कि प्रदेश में संचालित 19 डायलिसिस केंद्रों में 153 मशीनें उपलब्ध हैं, जिनमें 82 मशीनें पीपीपी मोड और 49 हंस फाउंडेशन के सहयोग से संचालित हो रही हैं। 2024–25 में अब तक एक लाख सत्रह हजार चार सौ नब्बे डायलिसिस सेशन किए जा चुके हैं।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न स्थानों में कल से बारिश और ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में कल बर्फबारी हो सकती है। साथ ही 23 जनवरी को भी बर्फबारी का यह दौर जारी रहने का अनुमान है और इस दिन दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक की ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हो सकती है। इस अवधि के दौरान राज्य के निचले हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर बारिश की संभावना भी व्यक्त की गई है। इस बीच, राज्य में आज सुबह के समय अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ बना है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर कोहरा भी छाया हुआ है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज भी उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बर्फबारी की संभावना व्यक्त की है।

संबोधन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युवाओं की राष्ट्र निर्माण और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा करने के बाद कैडेटों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत की संस्कृति 140 करोड़ लोगों की एकता के सूत्र में बंधी

हुई है और प्रत्येक व्यक्ति का विकास समाज की प्रगति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट में भारत का प्रतिबिम्ब दिखता है, जो विविधता में एकता को दर्शाता है और कैडेट यहां जो जीवन मूल्य सीखते हैं, वे हमेशा उनके साथ रहेंगे।

राष्ट्रीय रेड रन

रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ तहसील के देवर गांव की अंजली ने गोवा में हुई 10 किलोमीटर राष्ट्रीय रेड रन मैराथन में देशभर में दूसरा स्थान हासिल कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। मैराथन का आयोजन 18 जनवरी को राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) द्वारा एचआईवी नियंत्रण और जागरूकता के लिए किया गया था। ये प्रतियोगिता में देश के 26 राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रशिक्षण

चमोली जिले में मंडल घाटी के किसानों को कीवी उत्पादन और प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मंडल घाटी की 9 ग्राम सभा के किसानों उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार ने कहा कि कीवी का फल औषधीय गुणों से युक्त है। बाजार में इसकी मांग है और इससे किसानों की अच्छी आजीविका होगी। उन्होंने किसानों को कीवी उत्पादन के लिए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

उत्तराखंड में यूसीसी नियमावली की मंजूरी की खबर को लगभग सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। समान नागरिक संहिता की नियमावली पर कैबिनेट ने लगाई मुहर– अमर उजाला का शीर्षक है। समाचार पत्र के अनुसार यह कानून जल्द होगा लागू और 22 भारतीय भाषाओं में चलेगा यूसीसी पोर्टल। दैनिक जागरण लिखता है– यूसीसी लागू होने पर एक माह के भीतर कराना होगा लिव इन का पंजीकरण।

प्रदेश में निकाय चुनाव का प्रचार प्रसार का आज आखिरी दिन है। इस ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– आज थमेगा प्रचार का शोर, मैदान में 5 हजार 405 प्रत्याशी... खबर के मुताबिक– 48 घंटे पहले मंगलवार को शाम 5 बजे से शहरी क्षेत्रों में प्रचार का शोर थम जाएगा।

निकाय चुनाव के प्रचार में राजनीतिक दलों ने मोर्चा संभाला हुआ है... नवोदय टाइम्स ने लिखा है– मुख्यमंत्री ने श्रीनगर और उत्तरकाशी में चुनावी जनसभा कर भाजपा के लिए मांगे वोट, कांग्रेस के हवाले से समाचार पत्र लिखता है– भाजपा को सबक सिखाएगी जनता।

उत्तराखंड के सरकारी अस्पतालों में मिलेगी हृदय रोग के इलाज की सुविधा– हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक.. खबर में स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के हवाले से लिखा है– स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने के लिए हल्द्वानी, काशीपुर, और रुड़की में कार्डियक केयर यूनिट शुरू करने की योजना।

प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक मौसम का मिजाज फिर से बदलेगा। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– उत्तराखंड के तीन जिलों में आज बारिश और बर्फबारी के आसार.. 23 जनवरी तक बिगड़ा रहेगा मौसम।